Reg:-Govt.of india

# समाचार संध्या

झारखण्ड

SUBSCRIBE Ss samachar sandhiya

समाचार संध्या न्यूज

Email: - samacharsandhiyanews@gmail.com Samacharsandhiya.com शुक्रवार 04 जुलाई 2025




समाचार संध्या में ad लगाने के लिया संपर्क करे।

Email :- samacharsandhiyanews@gmail.com

www.samacharsandhiya.com

Mob no:- 9955516169

समाचार संध्या मे ad लगाने के लिया संपर्क करे।

Email :- samacharsandhiyanews@gmail.com

www.samacharsandhiya.com

Mob no:- 9955516169

# 10 ट्रेड यूनियन के देशव्यापी हड़ताल को ले सिरका में संयुक्त मोर्चा ने किया पिट मीटिंग एकामगारों से श्रम कानून को लेकर आंदोलन सफल बनाने का किया अपील

## 9 जुलाई को कोयला सेक्टर में कामगार एकता का देंगे परिचयः सुशील









**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट एस कुमार**

सिरका। संयुक्त मोर्चा के द्वारा सीसीएल कोलयरी सिरका हाजिरी घर के समीप पिट मीटिंग आयोजित की गई. इसमें आगामी 9 जुलाई के देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान मजदूरों से किया गया. अवसर पर वक्ताओं ने कहां कि राष्ट्र के 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियन फेडरेशन के द्वारा सेवा क्षेत्र में आंदोलन किया जा रहा है. कहा कि सरकार के द्वारा डेढ़ सौ श्रम कानून सहित 44 प्रमुख कानून को रद्द कर चार श्रम कोड लागू करने का फैसला मजदूरों को गुलाम बनाने का पहल होगा. श्रमिकों के पूर्वजों द्वारा कुर्बानी के बाद प्राप्त अधिकारों को सुरक्षित व संरक्षित रखने के लिए हड़ताल को ऐतिहासिक बनाना काफी आवश्यक है. बंदी से पूर्व मोटरसाइकिल रैली संध्या में मशाल जुलूस निकाला जाएगा. जिसमें सभी की भागीदारी भी होनी चाहिए. सबो ने चट्टानी एकता को बनाए रखते हुए आंदोलन का संकल्प भी लिया. मजदूरों को कामरेड अरुण कुमार सिंह. संतोष सिंह. सुशील कुमार सिन्हा, देवनाथ महली, मुस्तफा खान, मनोज पाल, शांता कुमार, बिजेंद्र प्रसाद, बंशी बेदिया, सुखदेव महतो व अन्यो ने संबोधित किया. मीटिंग अध्यक्षता कामरेड नागेश्वर महतो ने किया.मौके पर कमरुद्दीन खान, गोपाल बेदिया , भुट्टो मांझी, ललन, शहबाज आलम, भिखारी मुखिया, सुखदेव सिंह, कृष्णा महतो, विजय कौशिक, डब्लू, आनंद समेत कई कामगार उपस्थित थे।

# दुलमी प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि भवन में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के तत्वावधान में खरीफ बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन




**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट सज्जाद आरिफ**

दुलमी। दुलमी प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि भवन में शुक्रवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण यानी आत्मा ने खरीफ बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कार्यक्रम के तहत केंद्र प्रायोजित कृषोन्नति योजना के अंतर्गत किसानों के बीच धान, मडुवा एवं मूंगफली के बीजों का वितरण किया गया। इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अब परंपरागत खेती के साथ-साथ आधुनिक तकनीक अपनाकर खेती करने की आवश्यकता है, जिससे किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को प्रशिक्षण, हाईब्रिड बीज, खाद एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा रही है। सुधीर मंगलेश ने यह भी जानकारी दी कि मडुवा की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार किसानों को ₹3,000 की प्रोत्साहन राशि दे रही है। इससे न केवल किसानों की आमदनी बढ़ेगी, बल्कि पोषणयुक्त अन्न उत्पादन को भी बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि खेती से गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और पलायन पर भी अंकुश लगता है। मौके पर सहायक तकनिक प्रबंधक अफबता अहमद अर्पणा शर्मा प्रखंड तकनिक प्रबंधक अनुपा टोपनो उत्तम कुमार, विनोद कुमार, करमू कुमार, सुमित कुमार, रुकेश कुमार, प्रेम मुंडा, विक्रम सिंह आदि का नाम उल्लेखनीय है।

# राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक, 9 जुलाई की हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान

**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)।



9 जुलाई को प्रस्तावित देशव्यापी मजदूर हड़ताल को सफल बनाने को लेकर भुरकुंडा पंचायत भवन में शुक्रवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (भुरकुंडा शाखा) की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष महावीर प्रसाद और संचालन शाखा सचिव शिवशंकर पांडेय ने किया। बैठक में यूनियन पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ यह हड़ताल जरूरी है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भुरकुंडा क्षेत्र के सभी मजदूर 9 जुलाई को अपनी एकजुटता दिखाते हुए कार्य का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने सभी मजदूरों से अपील की कि वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए इस हड़ताल में भाग लें और उसे सफल बनाएं। मौके पर यूनियन के वरिष्ठ सदस्य किशुन नायक, भीम सिन्हा, मनोज करमाली, रामेश्वर राम, जितेंद्र तिवारी, अबाश मिया, शौकत अली, राज करमाली, माहेश्वरी आदि मौजूद थे।

# भुरकुंडा के युवाओं की ट्विटर अपील पर त्वरित एक्शन, सांसद मनीष जायसवाल ने करवाया सफाई कार्य, पटेलनगर कॉलोनीवासियों ने जताया आभार, बोले- हर जनसमस्या पर रहते हैं संजीदा





**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)।

पटेलनगर कॉलोनी के युवाओं द्वारा बैंक मोड़ पर फैले कचरे को लेकर ट्विटर के माध्यम से हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को जानकारी दी गई। युवाओं ने कचरे से हो रही समस्याओं को लेकर अपनी पीड़ा साझा की, जिस पर सांसद ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को निर्देश देकर सफाई कार्य को पूरा करवाया। इस दौरान भाजपा भुरकुंडा मंडल के सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा के नेतृत्व और पटेलनगर कॉलोनी के युवाओं के देखरेख में जेसीबी मशीन के माध्यम से शुक्रवार को साफ-सफाई का कार्य कराया गया। सफाई कार्य संपन्न होने के बाद कॉलोनीवासियों में खुशी का माहौल देखा गया। अमित सिंह बिट्टू, मनदीप सिन्हा, अनीश वर्मा, अजय राय, पुनीत सिंह, विक्की सिंह, जितेंद्र साव, मनोज साहू, अजय दुबे, मनीष वर्मा सहित अन्य युवाओं ने संयुक्त रूप से सांसद मनीष जायसवाल के प्रति आभार प्रकट किया। युवा साथियों ने कहा कि सांसद ने यह साबित किया है कि वे सिर्फ बड़े मुद्दों पर ही नहीं, बल्कि स्थानीय और छोटे-छोटे जनसमस्याओं पर भी गंभीरता से ध्यान देते हैं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा ने भी धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि सांसद मनीष जायसवाल का सदैव प्रयास रहता है कि जनता की हर छोटी-बड़ी समस्या का त्वरित समाधान हो।

# पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का भुरकुंडा में मना 52वां जन्म दिवस, कटी केक, बंटी मिठाई

## समाजवादियों ने केक दी शुभकामनाएं, दीर्घायु जीवन की हुई कामना



**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिवस भुरकुंडा के बिरसा चौक में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने केक काटा, मिठाइयां बांटी और उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। जिला अध्यक्ष सुरेश मुंडा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अध्यक्ष गोविंद बेदिया ने अखिलेश यादव के चित्र पर माल्यार्पण एवं केक काटकर किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार यादव ने कहा कि अखिलेश यादव की जनकल्याणकारी सोच और समाजवादी विचारधारा आज युवाओं को प्रेरित कर रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का संदेश दिया और समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आरके रवि (प्रदेश सचिव), सुमन कुमार सिंह (प्रदेश सचिव), बृजलाल बेदिया (जिला उपाध्यक्ष), रंजीत यादव (जिला सचिव), निवारण सिंह, रामप्रवेश सिंह, अर्जुन करमाली, कारू यादव, मंटु राम, महेंद्र ठाकुर, विशाल कुमार, कमलेश बेदिया, अजीत मुंडा सहित कई समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम एवं जूट बैग वितरण आयोजित



**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट एस कुमार**

सिरका। स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत सीसीएल अरगड़ा क्षेत्र में महाप्रबंधक संजय कुमार झा के नेतृत्व में डीएवी पब्लिक स्कूल, गिद्दी-ए एवं एकेसी अस्पताल, गिद्दी-ए में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा संस्थानों को हरा-भरा बनाना था। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि पेड़-पौधे न केवल पर्यावरण की शुद्धता के लिए आवश्यक हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन से निपटने में भी सहायक हैं। इसके साथ ही, एकेसी अस्पताल, गिद्दी-ए में जूट बैग वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें मरीजों व आगंतुकों को पर्यावरण के अनुकूल जूट के थैले वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य प्लास्टिक के उपयोग को कम करना और आम लोगों को सतत जीवनशैली के लिए प्रेरित करना था। इन गतिविधियों के माध्यम से अरगड़ा क्षेत्र ने स्वच्छ, हरित एवं टिकाऊ भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

# संयुक्त मोर्चा ने उरीमारी पोटंगा व बेस वर्कशॉप में पीट मीटिंग का किया आयोजन

## मजदूरों को किया गया जागरूक, 9 की देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का हुआ आहवान

**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)।



आगामी 9 जूलाई की देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर उरीमारी पोटंगा तथा बेस वर्कशॉप में शुक्रवार को संयुक्त मोर्चा द्वारा पीट मीटिंग का आयोजन किया गया। उरीमारी पोटंगा में आयोजित सभा की अध्यक्षता विश्वनाथ मांझी और संचालन विनोद मिश्रा ने किया। वहीं बेस वर्कशॉप में आयोजित सभा की अध्यक्षता सीताराम किस्कु और संचालन चमन मुंडा ने किया। पीट मीटिंग को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने केंद्र सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों और सार्वजनिक क्षेत्रों के निजीकरण के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि मजदूरों के अधिकारों की लगातार अनदेखी हो रही है और यह हड़ताल श्रमिक हितों की रक्षा के लिए जरूरी है। कोल कर्मियों से अपील की गई कि वे 9 जुलाई की हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लें और इसे पूर्ण रूप से सफल बनाएं। वक्ताओं ने कहा कि यह आंदोलन केवल कोल इंडिया या खदान कर्मियों का नहीं, बल्कि देश के हर मेहनतकश का सवाल है। सभा को विंध्याचल बेदिया, उदय सिंह, दशरथ कुर्मी, अर्जुन सिंह, बासदेव सव, अशोक शर्मा, संजय शर्मा, जेपीएन सिन्हा, अशोक गुप्ता, संजय वर्मा, संजय मिश्रा, मोहन मांझी, धर्मदेव करमाली, कानू मरांडी, गणेश राम, अजीत कुमार सिंह, विश्वनाथ मांझी, डॉ. जीआर भगत, आजाद भुइयां, इंद्रदेव राम, महादेव मांझी, चमन मुंडा, मोहन मांझी, जगरनाथ पासवान आदि ने भी संबोधित किया।

# राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ भुरकुंडा ब्रांच की बैठक सम्पन्न, नए पदाधिकारियों को सौंपा गया दायित्व



**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)।

राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ भुरकुंडा ब्रांच की बैठक शुक्रवार को भुरकुंडा में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता ब्रांच अध्यक्ष प्रेमनाथ विश्वकर्मा और संचालन ब्रांच सचिव लखन राम ने किया। बैठक में रीजनल वरीय उपाध्यक्ष चमन लाल और एरिया सेक्रेटरी बच्चन पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान संगठनात्मक विस्तार करते हुए इकबाल हुसैन को भुरकुंडा ब्रांच का उपाध्यक्ष, लक्खी राणा एवं फिरदौस आलम को ब्रांच सह सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में ब्रांच सह सचिव इम्तियाज अहमद भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर एरिया सचिव बच्चन पांडेय ने नए पदाधिकारियों को मजदूरों के हित में सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया। ब्रांच सचिव लखन राम ने सभी पदाधिकारियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक मजदूरों को संगठन की सदस्यता दिलाएं और संगठन को मजबूत करें।

Reg no:- Government of India
समाचार संध्या झारखण्ड
समाचार संध्या खबर के साथ 24×7
SUBSCRIBE Ss samachar sandhiya
Email: - samacharsandhiyanews@gmail.com Samacharsandhiya.com समाचार संध्या न्यूज

# मातृभूमि में मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं-डॉ संजय सिंह






**समाचार संध्या**

रजरप्पा। कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा प्रोजेक्ट में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय शिक्षा प्रणाली, सांस्कृतिक मूल्यों एवं नैतिक शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार सिंह,प्रांत संयोजक,डॉ संजय सिंह, जिला संयोजक, प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं मनोज झा, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके की गई।इसके पश्चात अतिथि परिचय प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा किया गया।। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे न्यास के प्रांतीय संयोजक महेंद्र सिंह जिन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि हमारी प्राचीन शिक्षा प्रणाली विश्व की सबसे प्राचीन एवं समृद्ध रही है।आज आवश्यकता है कि हम अपनी जड़ों से जुड़कर आधुनिकता के साथ संतुलन बनाएं।कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ संजय प्रसाद सिंह जी ने शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा शिक्षा के साथ छात्रों के संपूर्ण विकास के लिए चारित्रिक, मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक ज्ञान की आवश्यकता है स्वामी विवेकानंद एवं महर्षि अरविंद जैसे इस देश को पुनः एक बार महापुरुषों की आवश्यकता है। माँ, मातृभूमि, मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं।अतः इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक दृष्टिकोण से बल्कि नैतिक एवं सांस्कृतिक रूप से भी समृद्ध करते हैं।विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक दृष्टिकोण से बल्कि नैतिक एवं सांस्कृतिक रूप से भी समृद्ध करते हैं।कार्यक्रम का संचालन आचार्या गायत्री कुमारी के द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन का कार्यक्रम आचार्य बच्चूलाल तिवारी ने संपन्न किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य अमरदीप नाथ शाहदेव, शम्मी राज,डॉ गायत्री पाठक, अंजली कुमारी, अनिल कुमार त्रिपाठी, शशि कान्त,सेखर कुमार, ज्योति राजहंस, अनूप झा,अमित झा,दिलीप सिंह आदि की प्रमुख भूमिका रही।

**समाचार संध्या मे ad लगाने के लिया संपर्क करे।**

**Email :- *samacharsandhiyanews@gmail.com***

***www.samacharsandhiya.com***

**Mob no:- 9955516169**

# झारखण्ड की बहुभाषीय शिक्षण से छात्रों सुलभ और सरल बनाएगा डॉ सुनील कश्यप





**समाचार संध्या**

रजरप्पा। उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू विद्यालय में इन दोनों सरकार के गाइडलाइन के अनुसार बहुभाषिया शिक्षण का प्रशिक्षण डॉ सुनील कुमार कश्यप और अन्य शिक्षकों के द्वारा दिया जा रहा है यह शिक्षण बहुत ही कारगर साबित हो सकता है उक्त बातें डॉक्टर कश्यप में कहीं उन्होंने यह भी कहा कि बहुभाषिया शिक्षण के अंतर्गत झारखंड के 9 भाषा खोरठा. नागपुरी. कुरमाली .पचपरगनिया. संथाली .हो .कुड़ूख .मुंडारी सादरी के अलावे संस्कृत. हिंदी. अंग्रेजी. उर्दू. बांग्ला . साथ ही साथ भारत के और कई अन्य भाषा सीखने का मौका मिल सकता है इसके लिए सरकार को भाषा के शिक्षकों को सुनियोजित ढंग से शिक्षकों को एक साथ बुलाकर प्रशिक्षण देने की व्यवस्था करें और विद्यालयों में इसका प्रयोग करें तो काफी लाभप्रद हो सकता है अगर ऐसा होता है तो विद्यालयों में छात्र-छात्रा सहज ढंग से उन्मुक्त होकर बातचीत शिक्षकों के साथ सभी विषयों की जानकारी हासिल करेंगे विद्यालयों में सबसे बड़ी समस्या शिक्षकों के साथ भाषा की होती है शिक्षक पढ़ाते जाते हैं लेकिन बहुत सारे ऐसे बच्चे हैं उनको भाषा समझ में नहीं आती है अगर छात्र-छात्राओं को भाषा की समझ आ जाएगी तो अधिक रुचि लेकर विद्यालयों में महाविद्यालय में तन्मयता के साथ पढ़ेंगे अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होंगे।

# रेलवे लाइन सिरका के बगल से 8 टन कोयला सुरक्षा प्रहरियों ने किया बरामद



**समाचार संध्या**

रिपोर्ट एस. कुमार

सिरका। सीसीएल सुरक्षा प्रहरियों के द्वारा अभियान चलाकर सिरका नया कोयला स्टॉक रेलवे लाइन के आस-पास से छुपाकर रखे गए अवैध कोयला बरामद किया है. सुरक्षा कर्मियों ने बताया कि करीब 8 टन कोयला जप्त किया गया है. जिसे सीएचपी कोयला स्टॉक में जमा किया गया. अवसर पर जीएम यूनिट के एएसएसआई जितेंद्र, महावीर, सिरका यूनिट के विक्रम सिंह, होमगार्ड बंटी समेत कई महिला पुरुष जवान उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में उपायुक्त की बड़ी पहल, आपदा मित्र प्रशिक्षण का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

## 15 जुलाई 2025 तक 2500 आपदा मित्र (मास्टर ट्रेनर) किए जाएंगे तैयार, आपदा मित्रों द्वारा 2 लाख लोगों दिया जाएगा प्रशिक्षण

समाचार संध्या
रिपोर्ट आरिफ कुरैशी

रामगढ़। रामगढ़ जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में रामगढ़ उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज के द्वारा बड़ी पहल की गई है जिसके तहत आकस्मिक परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट एड किट इस्तेमाल करने को लेकर अगले 1 वर्ष में जिले की 25% आबादी को आपदा मित्र के रूप में तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को टाउन हॉल रामगढ़ में उपायुक्त द्वारा 4 जुलाई 2025 से 15 जुलाई 2025 तक आपदा मित्र (मास्टर ट्रेनर) के लिए आयोजित प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। मौके पर उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर उदय श्रीवास्तव, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर स्वराज द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा 15 जुलाई 2025 तक 2500 आम जनों, विद्यार्थियों आंगनबाड़ी सेविकाओं आदि को प्रशिक्षण देकर आपदा मित्र एवं मास्टर




ट्रेनर के रूप में तैयार किया जाएगा जिनके द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में आम जनों को आकस्मिक परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट एड किट इस्तेमाल करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान सभी को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है, कि आप सभी" आपदा मित्र" के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें है, विशेष रूप से चिकित्सा उपचार के क्षेत्र में। यह पहल न केवल हमारी आपदा प्रबंधन क्षमताओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह समाज में जागरूक, सशक्त और संवेदनशील नागरिकों के निर्माण का भी प्रतीक है। प्राकृतिक या मानव-जनित आपदायें अप्रत्याशित होती है, परन्तु यदि हमारे पास प्रशिक्षित स्वयंसेवक हो, तो हम किसी भी संकट का सामना अधिक प्रभावी ढंग से कर सकते है। आप सभी आपदा मित्र आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक उपचार एवं जीवन रक्षक सहायता प्रदान करके अनगिनत जीवन बचाने में सक्षम होंगे। मैं आशा करता हूँ कि आप इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लेंगे, ज्ञान और कौशल को आत्मसात करेंगे और भविष्य में जरूरतमंदो की सेवा में तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक में सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा की गई इस पहल की सराहना की। इस दौरान उन्होंने सभी को आकस्मिक परिस्थितियों में किए जाने वाले कार्य जो प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही है उन्हें अच्छी तरह सुनने व समझने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार की दुविधा को प्रशिक्षण के दौरान नहीं दूर कर लेने की अपील की। प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सकों एवं ऑडियो विजुअल कंटेंट के माध्यम से सभी को सीपीआर, चोकिंग, ब्लीडिंग, बर्न, फ्रैक्चर, वज्रपात, डूबना, शॉक, सांप का काटना एवं दुर्घटना जैसी आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान किए जाने वाले कार्यों को लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आपदा मित्र को प्रैक्टिकल भी कराया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले आपदा मित्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। गौरतलब होकि 15 जुलाई तक आयोजित प्रशिक्षण के दौरान तैयार 2500 आपदा मित्रों (मास्टर ट्रेनरों) द्वारा पूरे जिले में 2 लाख लोगों को आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान सीपीआर एवं फर्स्ट एड किट इस्तेमाल करने को लेकर जानकारी दी जाएगी।

# राष्ट्रीय कनौजिया सोनार समाज के झारखंड प्रदेश प्रभारी बनाये गए अनिल प्रसाद

समाचार संध्या



रजरप्पा। राष्ट्रीय कनौजिया सोनार महापरिवार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत बर्मन ने चितरपुर निवासी अनिल प्रसाद को झारखंड प्रदेश प्रभारी मनोनीत किया है। अपने मनोनयन पर अनिल प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिस उम्मीद के साथ मुझे यह जिम्मेवारी सौंपी है। मैं उसपर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। और स्वर्णकार समाज को आगे बढाने को लेकर हमेशा ततपर रहूंगा। इस बाबत जिलाध्यक्ष कपिल प्रसाद ने कहा कि अनिल प्रसाद के प्रदेश प्रभारी बनने पर वे समाज को एकजुट व शशक्त बनाने का कार्य करेंगे।

इनके प्रदेश प्रभारी बनने पर कई लोगों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में चंद्रिका प्रसाद, किशोरी प्रसाद, रविंद्र वर्मा,

राजेन्द्र सोनी, दीपचंद प्रसाद, नरेश प्रसाद, आदित्य वर्मा, मिथुन कुमार, बिनोद वर्मा, बिजय वर्मा, संजय प्रसाद,

धीरज प्रसाद, कैलाश प्रसाद, नंदकिशोर प्रसाद, प्रकाश प्रसाद,

संदीप प्रसाद, जितेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, मनोज सोनी, पंचम सोनी, संतोष प्रसाद, रामजी राम सहित कई शामिल हैं।

# मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार के सार्थक प्रयास से गुमशुदा व्यक्ति को ढूंढ कर परिजनों के हवाले किया।




समाचार संध्या

रिपोर्ट मोहम्मद एहसान मंजर

मांडू (रामगढ़)। शुक्रवार के दिन मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार के द्वारा के अंदर एक गुमशुदा व्यक्ति को ढूंढ कर परिजनों के हवाले किया वही संबंध में बताया जाता है कि मांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत हेसागढ़ा में अपनी बेटी के घर शंकर चक्रवती उम्र 60 वर्ष पिता स्व0 ज्योति चक्रवती ग्राम कोनार डैम विष्णुगढ़ आए थे जो थोड़ा मानसिक रूप से थोड़ा विक्षिप्त थे । 05 दिन पहले अपने बेटी के घर से ही गुम हो गए थे जिसे काफी प्रयास के बावजूद मांडू पुलिस के द्वारा बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया गया।